पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों में आँधी–तूफान, ओलावृष्टि तथा आकाशीय बिजली से आयी आपदा के दृष्टिगत राहत कार्य तेजी से संचालित किये जाने के निर्देश दिए

आपदा प्रभावित जनपदों के प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले जनपद पहुँचकर राहत कार्यों का अनुश्रवण कर इनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं : मुख्यमंत्री

आपदा प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों को प्रभावित परिवारों को अविलम्ब सहायता पहुँचाने के निर्देश

घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था की जाए

आपदा में दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को अनुमन्य 04 लाख रु0 की राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश

राहत आयुक्त कार्यालय कण्ट्रोल रूम को निरन्तर क्रियाशील रखते हुए राहत एवं सहायता कार्यों की सतत मॉनीटरिंग के निर्देश

लखनऊ : 14 मई, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आँधी–तूफान, ओलावृष्टि तथा आकाशीय बिजली से आयी आपदा के दृष्टिगत राहत कार्य तेजी से संचालित किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आपदा प्रभावित जनपदों के प्रभारी मंत्रियों से अपेक्षा की है कि वह अपने प्रभार वाले जनपदों में तत्काल पहुँचकर राहत कार्यों का अनुश्रवण करते हुए इनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। राहत कार्यों के सम्बन्ध में यदि शासन स्तर से किसी अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता हो, तो तत्काल अवगत कराएं, ताकि प्राथमिकता पर व्यवस्था की जा सके।

मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि सरकार आपदा प्रभावित लोगों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। उन्होंने आपदा प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों को प्रभावित परिवारों को अविलम्ब सहायता पहुँचाने के निर्देश देते हुए कहा है कि बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं का प्राथमिकता के आधार पर सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए। घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था की जाए। उन्होंने आपदा में दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को अनुमन्य 04 लाख रुपये की राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पशुहानि पर प्रभावितों को अनुमन्य सहायता दिए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने राहत आयुक्त कार्यालय कण्ट्रोल रूम को निरन्तर क्रियाशील रखते हुए राहत एवं सहायता कार्यों की सतत मॉनीटरिंग के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार प्रदेश में विगत 24 घण्टे में खराब मौसम के कारण 26 जनपदों में आँधी–तूफान, ओलावृष्टि तथा आकाशीय बिजली से 111 जनहानि, 170 पशुहानि तथा 200 मकान क्षति की घटनाएँ हुई हैं। 72 लोग घायल हुए हैं। विवरण के अनुसार जनपद प्रयागराज में 21, मीरजापुर में 19, फतेहपुर में 11 तथा संत रविदास नगर में 16 जनहानि हुई हैं।

————————